संख्या.सी.29011/02/2024-सीडीएन

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

***

सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक 19th अप्रैल, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषयः मंत्रिमंडल के लिए मार्च, 2024 के महीने के मासिक सार के संबंध में।

मार्च, 2024 के महीने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों से संबंधित मासिक सार की प्रति अवलोकन एवं सूचना हेतु परिचालित है।

संलग्नः यथोपरि।

रा० बाहरी 19/04/2024

(राजीव बाहरी)

अवर सचिव, भारत सरकार

फोन : 23387980

सेवा में

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

संलग्नकों सहित प्रति अग्रेषितः

1. भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय / विभाग)
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थः सचिव (एचई) के वरि. प्रधान निजी सचिव।

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए मार्च, 2024 माह का मासिक सारांश:

मार्च, 2024 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

(i) भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के बीच 02.11.2023 को हस्ताक्षरित मतदाता शिक्षा और चुनाव संबंधी साक्षरता पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के सहयोग से यूजीसी, एआईसीटीई और राज्य शिक्षा विभागों के माध्यम से कॉलेजों/संस्थानों में "मेरा पहला वोट देश के लिए" नामक दो सप्ताह तक चलने वाले अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान 28.02.2024 से 06.03.2024 तक चलाया गया और बाद में 14.03.2024 तक बढ़ाया गया। इन सिलसिलेवार आयोजनों का उद्देश्य चुनावों में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करना था।

(ii) मार्च 2024 के महीने में विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें ऑनलाइन मोड में 5 विभागों (प्रवेश विभाग, छात्र जीवन अथवा कैंपस जीवन से संबंधित मामला विभाग, शैक्षणिक मामलों, संकाय और परीक्षा प्रकोष्ठ विभाग, आईटी विभाग तथा कैरियर व प्लेसमेंट सेल विभाग) की मास्टरक्लास को शामिल किया गया था। ये सत्र विशेष रूप से विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं वाले व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए थे। इस कार्यक्रम से लगभग 27 केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थान (एचईआई) के कुल 432 संकाय सदस्य लाभान्वित हुए।

(iii) एनआईआरएफ प्रबंधन रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 25 रैंक वाले संस्थानों में मार्च, 2024 के महीने में 'नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम' नामक पांच दिवसीय संकाय नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों के कुल 521 संकाय सदस्यों ने सर्वग्राही प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा, आईआईटी जम्मू में 15-19 मार्च, 2024 तक पांच दिवसीय शैक्षणिक नेतृत्व कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के 19 संस्थानों के प्रमुखों ने भाग लिया था।

(iv) आईआईटी/ एनआईटी/ आईआईएससी/ आईआईएसईआर/ आईआईआईटी/ आईआईएम के सभी निदेशकों और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए विकसित भारत@2047 पर वर्चुअल मोड में एक कार्यशाला का योजन किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी संस्थानों द्वारा विभिन्न विषयों पर आगे कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी और विकसित भारत @2047 संबंधी सभी विचारों को एकत्रित किया जाएगा। विचार-विमर्श के लिए सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एक अवधारणा नोट साझा किया गया था। इसी प्रकार, यूजीसी और एआईसीटीई से भी इसी तरह की गतिविधियों के आयोजन हेतु अनुरोध किया गया था।

(v) माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा 01.03.2024 को आईआईएम संबलपुर में आयोजित '100-क्यूब स्टार्टअप कॉन्क्लेव' के दौरान आई-हब फाउंडेशन का उद्घाटन किया गया। आई-हब फाउंडेशन की स्थापना उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के वास्तविक और आभासी इनक्यूबेटर और त्वरक के रूप में की गई। इसके अलावा, अंगुल में 'प्रबंधन शिक्षा केंद्र' स्थापित करने के लिए, उद्योग भागीदारों ने आईआईएम संबलपुर और आईआईएम मुंबई के साथ अनेक समझौता ज्ञापन आदान-प्रदान किए। '100-क्यूब स्टार्टअप कॉन्क्लेव' का नाम, ओडिशा के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रत्येक संस्थान को 100 करोड़ रुपये के 100 स्टार्टअप्स शुरू करने के विचार के आधार पर दिया गया है।

(vi) 5-वर्षीय कार्य योजना और 100 दिवसीय कार्यसूची को अंतिम रूप देने के लिए, एसजीओएस ग्रेड 4 के मंत्रालयों/विभागों के साथ व्यापक परामर्श किया गया और इस संबंध में इस मुद्दे पर चर्चा और विचार-विमर्श के लिए दिनांक 12.03.2024 को एसजीओएस ग्रेड 4 (सचिव स्तर) की एक बैठक आयोजित की गई। साथ ही, उच्चतर शिक्षा विभाग की कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए अध्यक्ष, यूजीसी, अध्यक्ष, एआईसीटीई और अध्यक्ष, एनईटीएफ और उच्चतर शिक्षा विभाग के अन्य हितधारकों के साथ चर्चा की गई।

****